# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:26 SEPTEMBER. 2025

## एमसीयू में प्लेसमेंट एवं एंट्रेंप्रेनेरशिप सेल आयोजित

# शिक्षा, सोच और अनुभव में मिलती है सफलता

स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में गुरुवार को क्लॉसरूम टू बोर्डरूम विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ राजीव अग्रवाल, चेयरमैन, एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज़, मंडीदीप रहे।

उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे कक्षा में प्राप्त शिक्षा, व्यवहारिक अनुभव और सकारात्मक सोच भविष्य में कॉरपोरेट जगत तथा उद्योग प्रबंधन में सफलता दिला सकती है।

डॉ अग्रवाल ने उद्योग जगत के व्यावहारिक उदाहरण को साझा करते हुए कहा कि बिजनेस में सही रणनीति, निरंतर सीख और मोटिवेशन सफलता की कुंजी है। हर विद्यार्थी को अपने कौशल, आत्मविश्वास और दृष्टिकोण पर लगातार काम करना चाहिए, ताकि कक्षा से निकलकर वे बोर्डरूम तक की यात्रा सफलता से तय कर सकें। प्लेसमेंट समन्वयक डॉ कंचन भाटिया ने छात्रों को करियर प्लानिंग और प्लेसमेंट से जुड़े उपयोगी सुझाव दिए। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने ऐसे आयोजन को छात्रों के लिये उपयोगी बताया। डॉ दीपशिखा हर्ष ने आभार व्यक्त किया।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM ‘MCNUJC LIBRARY
‘SWADESH’26 SEPTEMBER.2025

# 500 विद्यार्थी परीक्षा से बाहर

## कम उपस्थिति पर एमसीयू का एक्शन

भोपाल (आरएनएन)। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय ने कम उपस्थिति वाले 500 से अधिक विद्यार्थियों को प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। रोके गए विद्यार्थी कक्षाओं में उपस्थिति नियमित कर आगामी आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में बैठ सकेंगे। गत सेमेस्टर में भी आदतन अनुपस्थित 121 विद्यार्थियों को सत्रांत की मुख्य परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया था। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने बताया यह फैसला अकादमिक गुणवत्ता और अनुशासनात्मक वातावरण को बेहतर करने की दिशा में लिया गया है। एमसीयू का बिशनखेड़ी परिसर काफी दूर है, यहां आवागमन के साधन भी कम हैं। इसे देखते हुए विवि ने इस बार सत्र के प्रारंभ से ही शहर के सभी प्रमुख स्थानों नियमित एवं निःशुल्क बस सेवाएं आरंभ की है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'RAJ EXPRESS'26 SEPTEMBER.2025

# एमसीयू : प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा से 500 से अधिक विद्यार्थी बाहर

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) ने प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में कम उपस्थिति वाले 500 से अधिक विद्यार्थियों को शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। रोके गए विद्यार्थी कक्षाओं में उपस्थिति नियमित कर आगामी आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में बैठ सकेंगे।

गत सेमेस्टर में भी 'आदतन अनुपस्थित' 121 विद्यार्थियों को सत्रांत की मुख्य परीक्षा में शामिल होने से रोका गया था। इस बार सत्र के प्रारंभ से ही विश्वविद्यालय ने शहर के सभी प्रमुख स्थानों से विद्यार्थियों के आने जाने के लिए नियमित एवं निःशुल्क बस सेवाएं आरंभ की हैं।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'26 SEPTEMBER.2025

# स्वयं को खोजो, तभी बनोगे अद्वितीय: कुलगुरु

भोपाल@पत्रिका. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय मनोहर तिवारी ने स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों के साथ एक विशेष सत्र आयोजित किया। इसमें उन्होंने कहा कि दुनिया में पहले से ही अनेक बड़े पत्रकार, समाचार निर्माता, विज्ञापन विशेषज्ञ और फिल्मकार मौजूद हैं। ऐसे में छात्रों के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह होना चाहिए कि "आपकी आवश्यकता क्यों है?" उन्होंने समझाया कि इस प्रश्न का उत्तर खोजने की जिज्ञासा ही उन्हें अपनी पहचान तक पहुंचाएगी।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PATRIKA'26 SEPTEMBER.2025

# एमसीयू की प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा से 500 से अधिक विद्यार्थी बाहर

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल ने अपने यहां अकादमिक गुणवत्ता तथा अनुशासनात्मक वातावरण को बेहतर करने की दिशा में प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में कम उपस्थिति वाले 500 से अधिक विद्यार्थियों को शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। रोके गए विद्यार्थी कक्षाओं में उपस्थिति नियमित कर आगामी आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में बैठ सकेंगे। गत सेमेस्टर में भी ₹आदतन अनुपस्थित₹ 121 विद्यार्थियों को सत्रांत की मुख्य परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया था। इस बार सत्र के प्रारंभ से ही विश्वविद्यालय ने शहर के सभी प्रमुख स्थानों से विद्यार्थियों के आने जाने के लिए नियमित एवं निःशुल्क बस सेवाएं आरंभ की हैं।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH JYOTY'26 SEPTEMBER.2025

# देशभक्ति, संघर्ष और विरासत की कुलगुरु ने दी छात्रों को प्रेरणा

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय मनोहर तिवारी ने स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों के साथ एक विशेष सत्र आयोजित किया, जो छात्रों के लिए प्रेरणादायी और आत्ममंथन कराने वाला साबित हुआ। इस अवसर पर प्रो. तिवारी ने कहा कि दुनिया में पहले से ही अनेक बड़े पत्रकार, समाचार निर्माता, विज्ञापन विशेषज्ञ और फिल्मकार मौजूद हैं। ऐसे में छात्रों के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह होना चाहिए कि 'आपकी आवश्यकता क्यों है? उन्होंने समझाया कि इस प्रश्न का उत्तर खोजने की जिज्ञासा ही उन्हें अपनी पहचान तक पहुँचाएगी। 'जब आप स्वयं को खोज लेंगे, तब आप किसी भी क्षेत्र में अद्वितीय बन जाएंगे,' उन्होंने कहा। कुलगुरु ने छात्रों को इतिहास पढ़ने की सलाह दी और बताया कि इतिहास से सीखे गए जीवन-पाठ किसी भी पुस्तक से अधिक प्रभावशाली होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास 'मंगल पांडे की गोली से लेकर 15 अगस्त 1947 तक' एक अमर यात्रा है, जो हमें आज़ादी, संघर्ष और त्याग के असंख्य सबक सिखाती है। उन्होंने छात्रों को भारत की गौरवशाली विरासत, देशभक्ति, संघर्षों और विशेषकर मुगलकाल की गहराइयों से परिचित कराया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को भारत की धरोहरों और स्मारकों को 'जीवंत प्रतीक' बताते हुए कहा कि यह हमें जीवन के अनमोल सबक सिखाते हैं।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'RASHTRIYA HINDIMAIL'26 SEPTEMBER.2025

# MCU bars 500 students from 1st internal assessment exam

**Our Staff Reporter**

BHOPAL

Makhanlal Chaturvedi National Journalism and Communication University has barred more than 500 students with low attendance from appearing in the first internal assessment examination to improve academic quality and a disciplinary environment. The students will be able to appear in the upcoming internal assessment exam by regularising their attendance. Last semester, 121 "habitually absent" students were barred from appearing in the end-of-term main exam.

This year, from the beginning of the session, the university has started regular and free bus services for students to and from all major locations in the city for improving their attendance.

NEWS CLIPPING SERVICE FROM
'MCNUJC LIBRARY
'FREE PRESS'26 SEPTEMBER.2025

दैनिक भास्कर

भोपाल 26-09-2025

# एमसीयूः क्लास नहीं अटेंड कर रहे थे 500 से अधिक छात्र, पहले इंटरनल पेपर से बाहर

## पिछले सेमेस्टर में भी 121 स्टूडेंट्स को मुख्य परीक्षा से रोका गया था

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) ने अकादमिक क्वालिटी और क्लासरूम डिसिप्लिन पर सख्ती दिखाते हुए पहली आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में 500 से अधिक स्टूडेंट्स को बैठने की अनुमति नहीं दी। इनमें अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट दोनों स्तर के विद्यार्थी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 97 छात्र साइंस डिपार्टमेंट के हैं।

यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि जिनकी क्लास अटेंडेंस कम रही है, उन्हें परीक्षा से बाहर रखा गया है। हालांकि, ऐसे विद्यार्थी आगे क्लास रेगुलर करेंगे तो अगली आंतरिक परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। पिछले सेमेस्टर में भी "आदतन अनुपस्थित" 121 छात्रों को सत्रांत की मुख्य परीक्षा से रोका गया था।

**निःशुल्क बस सेवा से सुधर रही हाजिरी...** इस बार शुरुआत से ही एमसीयू ने शहर के प्रमुख स्थानों से आने-जाने के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू की है। इसका असर छात्रों की हाजिरी पर दिख रहा है। कई विभागों में अटेंडेंस में सुधार आया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन का मानना है कि बस सुविधा से स्टूडेंट्स को क्लास में रेगुलर बने रहने में मदद मिलेगी।